कार्यालयादेश

प्रायः यह देखा जा रहा है कि इस विश्वविद्यालय से पूर्व में सम्बद्व राजकीय महाविद्यालयों के छात्र/छात्राएं जिनका कि स्नातक उत्तीर्ण करने की निर्धारित समयावधि अभी समाप्त नहीं हुई है की सेशनल परीक्षाएं छूटी है या किसी सेमेस्टर में अनुत्तीर्ण है, लगातार विश्वविद्यालय से सम्पर्क कर रहे या विश्वविद्यालय में स्वंय आकर इस समस्या का निराकरण मांग रहे है। ऐसे सभी छात्र/छात्राओं की परीक्षाएं अनुत्तीर्ण, भूतपूर्व या बैक पेपर के रूप में नियमानुसार पूर्व की भांति आयोजित की जायेगी। परीक्षा हेतु ऐसे महाविद्यालय को परीक्षार्थियों की कक्षावार परीक्षा आवेदन–पत्र शुल्क विवरण सूची विश्वविद्यालय में प्रेषित करना आवश्यक है। महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम पूर्ण करने की निर्धारित समयावधि तक ऐसे छात्र/छात्राओं की परीक्षाएं आयोजित करवाने हेतु बाध्य है।

सी0बी0सी0एस0 प्रणाली में किसी भी विषय के प्रश्न–पत्र में उत्तीर्ण हेतु छात्र/छात्रा को सेशनल एवं लिखित परीक्षा में अलग अलग पास होने का कोई प्रावधान नहीं है, केवल दोनो परीक्षाओं में सम्मिलित होना अनिवार्य है। उत्तीर्ण हेतु स्टेन्डर्ड डेवेशन अथवा 35 अंक (जो भी लागू हो) प्राप्त करने आवश्यक हैं। परीक्षाफल घोषित होने के पश्चात सेशनल परीक्षा किसी भी स्थिति में आयोजित नहीं की जायेगी। यदि कोई अनुत्तीर्ण छात्र/छात्रा पुनः सेशनल परीक्षा में सम्मिलित होना चाहता है तो वह अपने पूर्व सेमेस्टर की परीक्षा समाप्ति के पश्चात उस प्रश्न–पत्र की सेशनल परीक्षा में पुनः रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात पुनः सेशनल की परीक्षा में सम्मिलित हो सकता है। यदि कोई छात्र/छात्रा सेशनल परीक्षाओं के आधार पर अनुत्तीर्ण प्रश्न–पत्र में सेशनल देना चाहते है तो वह नियम के अनुसार तीन वर्षीय पाठ्यक्रम हेतु अधिकतम छः वर्ष की अवधि तक सेशनल की परीक्षा में अपने–अपने सेमेस्टर की परीक्षाओं में सेशनल परीक्षा में अध्ययन पूर्ण करने पर सम्मिलित हो सकते हैं।

आज्ञा से
परीक्षा नियन्त्रक

हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर (गढ़वाल), उत्तराखण्ड़
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

पत्रांक : परी0निय0/2021/939 दिनांकः 04–03–2021

प्रतिलिपि 1. निदेशक/प्राचार्य समस्त राजकीय एवं सम्बद्व संस्थानों को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही करवाने का कष्ट करें।
2. निजी सचिव कुलपति, कुलपति महोदया के सूचनार्थ ।
3. निजी सचिव कुलसचिव, कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
4. उपकुलसचिव परीक्षा के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. सिस्टम मैनेजर हे0न0ब0गढ़वाल विश्वविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपरोक्त सूचना को विश्वविद्यालय की बबेसाइट पर देने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव परीक्षा